Bareilly, Sunday, 15 June 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 06 MIDDLE

# ब्लड बैंक ने एकत्र किया 72 यूनिट रक्त




bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (14 June):** एसआरएमएस मेडिकल साइंसेज में विश्व रक्तदाता दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान कैंप लगा. इसमें मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति, डीन यूजी डा. बिंदु गर्ग, कैंसर विशेषज्ञ डॉ. पवन मेहरोत्रा सहित एसआरएमएस के अन्य चिकित्सकों और स्टाफ ने रक्तदान किया. ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग ने शुक्रवार को साईं मंदिर में भी स्वैच्छिक रक्तदान कैंप लगाया. दोनों स्थानों पर 72 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ. इस अवसर पर सभी रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया. विश्व रक्तदाता दिवस पर ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की ओर से शनिवार सुबह रक्तदान कैंप का इनॉग्रेशन डायरेक्टर आदित्य मूर्ति ने किया. स्वयं रक्तदान करने के बाद उन्होंने रक्तदाताओं को भी प्रोत्साहित किया. एसआरएमएस में शाम तक 43 लोगों ने रक्तदान किया. इस मौके पर प्रिंसिपल डॉ. एमएस बुटोला, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. आरपी सिंह, डिप्टी एमएस डॉ. सीएम चतुर्वेदी व डॉ. पवन मेहरोत्रा रहे.